PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

'हर कठिनाई में एक सबक छिपा होता है, बस देखने की नज़र चाहिए।'

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | बुधवार, 9 अगस्त, 2026, साल-2, अंक-46, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

वडोदरा में विकास का मेगा शो

पीएम मोदी ने 35 हजार करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

- हमने 50,000 रेल कोच बनाए, कांग्रेस सरकार 50,000 शौचालय भी नहीं बना सकी : मोदी



वडोदरा, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में पिछली कांग्रेस नीत सरकार पर ''विकास कार्यों की धीमी गति'' को लेकर मंगलवार को निशाना साधते हुए कहा कि ''नाराज फूफा'' अब समर्पित माल ढुलाई गलियारे के ट्रक चालकों पर पड़ने वाले असर को लेकर सवाल उठाएंगे। मोदी ने गुजरात के वडोदरा में आयोजित एक कार्यक्रम में 35,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''भारत ने 2014 के बाद 50,000 आधुनिक रेल कोच बनाए। पिछली (कांग्रेस) सरकार 10 साल में 50,000 शौचालय भी नहीं बना सकी।''

मोदी ने समर्पित माल ढुलाई गलियारा (पश्चिम) के तीन प्रमुख खंडों का उद्घाटन किया। यह गलियारा नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह को उत्तर प्रदेश के दादरी से जोड़ता है। इन खंडों के उद्घाटन के साथ ही यह परियोजना पूरी हो गई। मोदी ने कहा, ''समर्पित माल ढुलाई गलियारे तेजी से विकसित हो रहे भारत की जीवनरेखा हैं। इस आधुनिक माल ढुलाई नेटवर्क के कारण भारत में बदलाव की रफ्तार तेज हो रही है।'' उन्होंने कहा कि पहले यात्री और मालगाड़ियों को एक ही रेल पटरी पर चलना पड़ता था, जिससे यात्री और माल परिवहन दोनों की रफ्तार धीमी होती थी लेकिन समर्पित माल ढुलाई गलियारे ने इस स्थिति को बदल दिया है।

मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, ''अब नाराज फूफा चिल्लाएंगे कि ट्रक वालों का क्या होगा? फूफा को अब कुछ काम मिल गया है। मैं 2014 के बाद आपके आशीर्वाद से (शेष पेज 2 पर)

पीएम मोदी का जेन-जी संवाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में जेन-जी से 25 मिनट संवाद किया। इस कार्यक्रम के लिए 6 हजार युवाओं को बुलाया गया था। मोदी ने युवाओं से झूठे दावों और भ्रामक बातों से बचने की अपील की।

पीएम ने कहा, 'लोग आपको झूठ की गूंज से गुमराह करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप सच्चाई के साथ खड़े रहना।' मोदी का यह बयान राहुल गांधी और कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' अभियान पर तंज माना जा रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए खास तौर पर हृ आकार का रैंप बनाया गया था। भाषण से पहले पीएम रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचे। मंच पर पहुंचते ही क्वीन का मशहूर गाना 'वी विल रॉक यू' बजाया गया। इसके बाद 'धुरंधर' का गाना 'आरी आरी' भी बजा। जंतर-मंतर प्रोटेस्ट के बाद बीजेपी का पूरा फोकस जेन-जी वोटर्स पर है। दरअसल, अगले साल 7 राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। इनमें 22.78% वोटर जेन-जी हैं। यूपी में सबसे ज्यादा 2.8 करोड़ जेन-जी वोटर हैं। इसलिए सभी पार्टियां उन्हें साधने में लगी हैं।

मुंबई : पीएम की सुरक्षा में चूक, कल्चरल सेंटर से पकड़े गए दो संदिग्ध



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाराष्ट्र दौरे से पहले मुंबई में उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक की खबर सामने आई है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम से एक दिन पहले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक के पास से बंदूक बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र (एनएमएसीसी) (शेष पेज 2 पर)

पंजाब सरकार ने हड़ताल कर रहे कर्मचारियों पर 'काम नहीं, तो वेतन नहीं' की नीति लागू की

- पंजाब सरकार के दफ्तरों का कामकाज पूरी तरह ठप होने के बाद यह सख्त कदम उठाया गया



चंडीगढ़, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पंजाब सरकार ने 'काम नहीं, तो वेतन नहीं' की नीति लागू करने का फैसला किया है।

जब सरकारी कर्मचारियों ने आज 11 सितंबर तक 'पेन-लेस हड़ताल' (बिना पेन के काम करने की हड़ताल) जारी रखने का फैसला किया, तो राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाने की रणनीति बनाई। सरकार की सख्ती के बावजूद, कर्मचारियों की हड़ताल के दूसरे चरण के दौरान आज सरकारी दफ्तरों का कामकाज पूरी तरह ठप रहा। पंजाब सरकार के सूत्रों के मुताबिक, 'काम नहीं, तो वेतन नहीं' की नीति लागू की जाएगी। शुरुआती चरण में, 27 अगस्त को सामूहिक छुट्टी के बाद 'आप' सरकार ने कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे।

दूसरे चरण में, पंजाब सरकार ने संयुक्त समन्वय समिति के वरिष्ठ नेता सुखचैन सिंह खैरा का तबादला कर दिया। इसके बाद, पंजाब सरकार ने जुलाई 2020 के बाद भर्ती हुए कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता को (शेष पेज 2 पर)



मलेशिया में 'फ्लाइंग डॉक्टर' हेलीकॉप्टर क्रैश, मेडिकल स्टाफ समेत 5 लोग थे सवार

कुआलालंपुर, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मलेशिया के बोर्नियो द्वीप पर एक एयरपोर्ट के पास 'फ्लाइंग डॉक्टर सर्विस' का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें मेडिकल स्टाफ समेत पांच लोग सवार थे। अधिकारियों ने अभी तक सारावाक राज्य में हुए इस क्रैश में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं की है।

मलेशिया के स्वास्थ्य मंत्री जुल्केफली अहमद ने एक बयान में कहा, 'शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में एक पायलट और मंत्रालय के चार कर्मचारी सवार थे, जिनमें एक मेडिकल अफसर, एक असिस्टेंट मेडिकल अफसर और दो नर्सें शामिल थीं।

'फ्लाइंग डॉक्टर' सर्विस आम तौर पर ग्रामीण या दूर-दराज के इलाकों में मेडिकल देखभाल, इमरजेंसी ट्रांसपोर्ट और क्लिनिकल सेवाएं देने के लिए एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल करती है। स्वास्थ्य मंत्री जुल्केफली ने कहा, 'अभी तक सभी क्रू सदस्यों और यात्रियों की स्थिति और (शेष पेज 2 पर)

बहबल कलां फायरिंग केस

सुखबीर बादल को एसआईटी का समन, 11 सितंबर को होना होगा पेश

चंडीगढ़, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

बहबल कलां फायरिंग मामले में एसआईटी ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को फिर से समन भेजा। फायरिंग मामले में सुखबीर सिंह बादल से 11 सितंबर को पूछताछ की जाएगी। इससे पहले, सुखबीर सिंह बादल 20 जुलाई को एसआईटी के सामने पेश हुए थे। अब 11 सितंबर को सुखबीर सिंह बादल को पूछताछ के लिए चंडीगढ़ बुलाया गया। वह पहले कह चुके हैं कि जब भी जांच टीम उन्हें पूछताछ के लिए बुलाएगी, वह पेश होंगे।

वहीं, इस संबंध में अकाली दल के प्रवक्ता अर्शदीप सिंह कलेर ने कहा कि सरकार असल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की कार्रवाई कर रही है। कलेर ने कहा कि ऐसा करने से सरकार जनता का ध्यान असल मुद्दों से नहीं भटका सकती। उन्होंने कहा कि इस मामले में अदालत में दो तारीखों पर सरकार को झाड़ पड़ी है। इसके बाद वह तलब किए गए है।

टेलीग्राम की सेवाएं अचानक ठप, कई देशों में सर्वर डाउन, करोड़ों यूजर्स परेशान

नई दिल्ली, 8 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

दुनिया भर में बेहद लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम का इस्तेमाल करने वाले करोड़ों यूजर्स को मंगलवार सुबह एक बड़े वैश्विक तकनीकी झटके का सामना करना पड़ा। भारत, अमेरिका और सिंगापुर सहित कई प्रमुख देशों में ऐप का सर्वर अचानक ठप हो गया। इस आउटेज के चलते यूजर्स न तो नए मैसेज भेज पा रहे थे और न ही उन्हें कोई मैसेज प्राप्त हो रहा था। कई घंटों तक सेवाएं बाधित रहने के कारण लोगों के व्यक्तिगत और दफ्तर से जुड़े जरूरी काम अटक गए, जिसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शिकायतों की बाढ़ आ गई। वेबसाइटों और डिजिटल सेवाओं के आउटेज पर लाइव नजर रखने वाली मॉनिटरिंग वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में मंगलवार सुबह करीब 8 बजकर 13 मिनट पर टेलीग्राम में खराबी की सबसे ज्यादा शिकायतें सामने आईं। इस दौरान 800 से अधिक भारतीय यूजर्स ने एक साथ ऐप क्रैश होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। यूजर्स ने बताया कि ऐप को ओपन करने में काफी लंबा समय लग रहा था और 'कनेक्टिंग' का स्टेटस दिखने के बावजूद जरूरी फाइलें या टेक्स्ट मैसेज डिलीवर नहीं हो रहे थे।

भारतीय हॉकी टीम नीली जर्सी में ही खेलेगी एशियन गेम्स



नई दिल्ली, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

जापान में होने वाले एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम एक बार फिर नीली जर्सी में नजर आएगी। नीदरलैंड्स और बेल्जियम में खेले गए हॉकी वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पुरुष और महिला टीमों की प्राइमरी किट नारंगी कर दी गई थी।

जर्सी बदले जाने पर काफी विवाद हुआ था। कई पूर्व हॉकी खिलाड़ियों ने इसे गलत बताया था। इसे देखते हुए अब हॉकी इंडिया ने एशियन गेम्स के लिए अपना फैसला बदल दिया।

सऊदी अरब पर हूती विद्रोहियों के हमले, 73 लोग घायल




काहिरा, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा मंगलवार तड़के सऊदी अरब पर किए गए हमलों में 73 लोग घायल हो गए।

सऊदी अरब के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यमन में हूतियों के खिलाफ लड़ रहे सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने बताया कि विद्रोहियों ने सऊदी अरब के अबहा जजान, नजरान और खमिस मुशैत शहरों में ''असैन्य और आर्थिक प्रतिष्ठानों'' को निशाना बनाया।

उन्होंने कहा कि सऊदी अरब के नेतृत्व वाला गठबंधन 'आतंकवादी हूती मिलिशिया को रोकने के लिए पूरी दृढ़ता के साथ सभी आवश्यक सैन्य कार्रवाई करेगा।'' हूतियों ने इन हमलों से पहले आरोप लगाया था कि सऊदी अरब ने यमन के उत्तरी प्रांत अल-जौफ में स्थित एक जेल पर हमला किया है। ये हमले यमन में हूतियों (शेष पेज 2 पर)

पुतिन ब्रिक्स समिट के लिए आएंगे भारत



नई दिल्ली/मॉस्को : रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। 11 सितंबर को नई दिल्ली में ब्रिक्स नेताओं की बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन की द्विपक्षीय बैठक होगी।

रूस के राष्ट्रपति ऑफिस क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इस मुलाकात की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भारत को रूस अपना रणनीतिक साझेदार मानता है और दोनों देशों के रिश्ते उसके लिए बेहद अहम हैं। उन्होंने बताया कि भारत और रूस के बीच ज्यादातर भुगतान अब दोनों देशों की अपनी-अपनी करेंसी में हो रहा है। इससे पहले पुतिन 4 दिसंबर 2025 को भारत आए थे।

एफिल टावर में महिला कर्मियों को हटाने पर बवाल

- बाप्स ने मांगी माफी; मेयर ने दिए उच्चस्तरीय जांच के आदेश



पेरिस, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

फ्रांस की राजधानी पेरिस में स्थित विश्व प्रसिद्ध एफिल टावर पर महिला कर्मचारियों को ड्यूटी से हटाए जाने के आरोपों को लेकर बड़ा अंतरराष्ट्रीय विवाद खड़ा हो गया। इस पूरे घटनाक्रम पर अब बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था ने आधिकारिक सफाई पेश की।

संगठन ने स्पष्ट किया कि उनके करीब 100 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान किसी भी आम पर्यटक को स्मारक में प्रवेश करने से नहीं रोका गया था। हालांकि, संगठन ने यह भी कहा कि यदि इस व्यवस्था के कारण किसी को भी कोई असुविधा या मानसिक ठेस पहुंची है, तो वे इसके लिए दिल से माफी मांगते हैं।

विवाद की शुरुआत तब हुई जब शनिवार को बाप्स का हिंदू धार्मिक प्रतिनिधिमंडल एफिल टावर के दौरे पर पहुंचा। यह समूह पेरिस के समीप नवनिर्मित विशाल हिंदू मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने फ्रांस आया था। आरोप है कि प्रतिनिधिमंडल के वहां पहुंचने से पहले प्रबंधन ने ड्यूटी पर तैनात महिला कर्मचारियों को उनकी जगह से हटा दिया और उनकी जगह केवल पुरुष कर्मियों की तैनाती कर दी। लिंग के आधार पर हुए इस भेदभाव के खिलाफ सोमवार को एफिल टावर के कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और आपात बैठक बुलाई। कर्मचारियों के इस कड़े (शेष पेज 2 पर)



सचिन पायलट ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की

नई दिल्ली, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

कांग्रेस महासचिव और पंजाब के प्रभारी सचिन पायलट ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। पंजाब का प्रभारी बनाए जाने के बाद कांग्रेस नेतृत्व के साथ पायलट की यह पहली मुलाकात है।

हाल ही में, सचिन पायलट को कांग्रेस में पंजाब का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी भूपेश बघेल की जगह दी गई है। पंजाब में पार्टी के भीतर काफी खींचतान चल रही है और पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि पायलट इस समस्या का समाधान निकालेंगे।



झारखंड हाईकोर्ट का फैसला

'महिला के घर में घुसना, कपड़े उठाना रेप की कोशिश नहीं'

रांची, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

झारखंड हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के प्रयास के करीब 27 साल पुराने मामले में आरोपी की दोष सिद्धि बरकरार रखते हुए सजा में बड़ी राहत दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि रात में महिला के घर में घुसना, उसे पकड़ना, कपड़े उठाना या उसके साथ अशोभनीय हरकत करना गंभीर अपराध है, लेकिन हर ऐसी हरकत को स्वत: दुष्कर्म का प्रयास नहीं माना जा सकता।



दुष्कर्म के प्रयास का अपराध तभी बनता है, जब आरोपी की ओर से ऐसा प्रत्यक्ष और निर्णायक कृत्य किया गया हो, जो दुष्कर्म को अंजाम देने की दिशा में स्पष्ट रूप से आगे बढ़ रहा हो। जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने घाटशिला से जुड़े कमलेंदु महतो उर्फ खोका की आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने मामले में आईपीसी की धारा 354 के तहत अपराध माना और आरोपी को पहले सुनाई गई 4 साल की सजा के बजाय 8 महीने की सजा को पर्याप्त माना।

लुधियाना में 3 महीने की गर्भवती पत्नी की पीट-पीटकर हत्या,पति और दादा हिरासत में

लुधियाना, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब में नशे के बढ़ते प्रभाव के बीच लुधियाना जिले के गांव बुर्ज लिट्टां से एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया। यहां तीन महीने की गर्भवती 25 वर्षीय महिला हरप्रीत कौर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने उसके पति जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा पर नशे की हालत में मारपीट कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया। इस घटना में हरप्रीत के गर्भ में पल रहे अजन्मे बच्चे की भी मौत हो गई।

पुलिस ने मृतका के परिजनों की शिकायत के आधार पर पति जसप्रीत सिंह और उसके दादा जोगिंदर सिंह को हिरासत में लिया। थाना सुधार के प्रभारी कुलविंदर सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लुधियाना सिविल अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



परिजनों के अनुसार, हरप्रीत कौर अपने घर में लगातार हो रहे झगड़ों से परेशान थी और कुछ समय पहले मायके चली गई थी। रविवार को जसप्रीत उसे समझाकर वापस बुर्ज लिट्टां ले आया था। परिजनों का कहना है कि उसने नशा छोड़ने का भरोसा भी दिया था।

आरोप है कि सोमवार रात जसप्रीत नशे की हालत में घर पहुंचा और हरप्रीत के साथ कथित तौर पर बुरी तरह मारपीट की। परिजनों ने आरोप लगाया कि इसके बाद उसका गला घोंट दिया गया। मृतका के परिजनों ने दावा किया है कि हरप्रीत के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। उनका आरोप है कि घटना के बाद जसप्रीत ने मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। परिजनों ने सवाल उठाया कि यदि हरप्रीत ने आत्महत्या की थी तो उसका शव छत से नीचे किसने उतारा? इन सभी बिंदुओं की पुलिस जांच कर रही है। इस घटना का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि हरप्रीत कौर तीन महीने की गर्भवती थी। यदि परिजनों के आरोप जांच में सही साबित होते हैं, तो कथित हिंसा में एक महिला के साथ उसके गर्भ में पल रहे अजन्मे बच्चे की भी जान चली गई।

ग्रामीणों और परिजनों ने जसप्रीत पर नशे की लत और आवारागर्दी के (शेष पेज 2 पर)

दिल्ली बिल्डिंग हादसे का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

- सुनवाई कल, राजधानी की सभी इमारतों की जांच होगी

नई दिल्ली : दिल्ली में सत्य निकेतन बिल्डिंग हादसे के बाद नगर निगम ने पूरी दिल्ली में इमारतों की जांच के आदेश दिए। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह बिल्डिंग गिरने के हादसे पर 10 सितंबर को सुनवाई करेगा।

कोर्ट ने कहा कि जरूरत पड़ने पर केस को हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किया जाएगा। एमसीडी ने सभी जोन के एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों (बिल्डिंग) से अपने क्षेत्र की इमारतों का निरीक्षण कर 10 सितंबर तक रिपोर्ट देने को कहा। सत्य निकेतन में रविवार को एक बिल्डिंग गिरने से 7 लोगों की मौत हुई थी और 6 लोग घायल हुए थे। इसी हादसे के बाद यह आदेश जारी किया गया।

पीजीआईएमईआर में ट्रांस-फैट उन्मूलन पर TRANSFORM परियोजना कार्यशाला का आयोजन

चंडीगढ़, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सामुदायिक चिकित्सा विभाग और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ ने पंजाब सरकार, चंडीगढ़ प्रशासन और रिसॉल्व टू सेव लाइव्स के सहयोग से, पीजीआईएमईआर के एडवांस्ड आई सेंटर ऑडिटोरियम में पंजाब और चंडीगढ़ में ट्रांस-फैट उन्मूलन पर TRANSFORM परियोजना की कार्यान्वयन रणनीति कार्यशाला का आयोजन किया।

हृदय रोग वैश्विक स्तर पर मृत्यु का एक प्रमुख कारण बने हुए हैं, जिसमें मृत्यु का एक बड़ा हिस्सा भारत सहित निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होता है। चंडीगढ़ एनसीडी रजिस्ट्री के अनुसार, जुलाई 2018 से दिसंबर 2021 के बीच चंडीगढ़ के निवासियों में पंजीकृत सभी एनसीडी मामलों में तीव्र हृदय घटनाओं की हिस्सेदारी 27.7% थी। औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस-फैट का सेवन हृदय रोग में योगदान करने वाले प्रमुख परिवर्तनीय जोखिम कारकों में से एक है।

TRANSFORM परियोजना का उद्देश्य नियामक क्षमता निर्माण, प्रयोगशाला सुदृढ़ीकरण, अनुपालन मूल्यांकन, निगरानी, रिपोर्टिंग और स्वस्थ तेलों को बढ़ावा देने के माध्यम से ट्रांस-फैट उन्मूलन के राज्य-स्तरीय कार्यान्वयन को मजबूत करना है। यह परियोजना ट्रस्ब्रेक्स फ्रेमवर्क का पालन करती है, जो क्षमता निर्माण, प्रयोगशाला प्रणालियों, ट्रांस-फैट नीतियों के प्रवर्तन, अनुपालन के मूल्यांकन और रिपोर्टिंग, और स्वस्थ तेलों के लिए समर्थन पर केंद्रित है।

कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा प्राधिकरणों, सरकारी विभागों, प्रयोगशालाओं, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों और विकास भागीदारों के प्रतिनिधि एक साथ आए।

तकनीकी सत्रों में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में ट्रांस-फैट उन्मूलन पहलों के अनुभवों के साथ-साथ पंजाब और चंडीगढ़ में ट्रांस-फैट परीक्षण की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। डेटा संग्रह और ट्रांस-फैट परीक्षण के लिए प्रयोगशाला रणनीति विकसित करने पर समूह चर्चाएँ आयोजित की गईं।

पीजीआईएमईआर प्रो. जे.एस. ठाकुर के नेतृत्व में SHIFT कंसोर्टियम – ट्रांस-फैट को बदलने के लिए स्वस्थ तेलों और वसाओं का समर्थन (Supporting Healthy Oils & Fats to Replace Trans Fats) – को भी कार्यान्वित कर रहा है। कंसोर्टियम अपने तीसरे चरण, SHIFT Translate में प्रवेश कर चुका है, जो साक्ष्य और आम सहमति को कार्यान्वयन, नीति और व्यवहार में बदलने पर केंद्रित है। यह कार्यशाला SHIFT के तहत एक पूर्व-परामर्श बैठक के रूप में भी कार्य करती है, जिसमें विचार-विमर्श से इस वर्ष के अंत में नियोजित राष्ट्रीय परामर्श बैठक में योगदान की उम्मीद है।

एक पैनल चर्चा में हृदय रोग में ट्रांस-फैट की भूमिका और खाद्य आपूर्ति से उनकी रोकथाम, कमी और उन्मूलन के लिए रणनीतियों की जांच की गई।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करने के लिए आमंत्रित वरिष्ठ अधिकारियों में कुमार राहुल, आईएएस, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंजाब; मंदीप सिंह बराड़, आईएएस, गृह सचिव-सह-आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, चंडीगढ़; कंवलप्रीत बराड़, आईएएस, आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, पंजाब; प्रो. संजीव हांडा, डीन (अनुसंधान), पीजीआईएमईआर; रजित पुंहानी, सीईओ, एफएसएसएआई; और डॉ. स्वाति भारद्वाज, वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, आरटीएसएल इंडिया शामिल थे।

TRANSFORM परियोजना और SHIFT कंसोर्टियम के प्रधान अन्वेषक प्रो. जे.एस. ठाकुर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य कार्यान्वयन अनुसंधान को मजबूत करना और पंजाब और चंडीगढ़ में स्वस्थ तेलों और वसाओं की ओर संक्रमण का समर्थन करना है।

अम्बाला की डॉक्टर को उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने किया सम्मानित

अम्बाला (पैग़ाम-ऐ-जगत)

एम्स रायपुर के तीसरे दीक्षांत समारोह के दौरान भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने पार्क हीलिंग टच अस्पताल, अम्बाला की नेफ्रोलॉजिस्ट, डॉ. ज्योति अग्रवाल को गोल्ड मेडल और वाग्भट पुरस्कार से सम्मानित किया। डॉ. ज्योति अग्रवाल ने जनवरी 2022 बैच के सभी डीएम/एमच विद्यार्थियों में डीएम नेफ्रोलॉजिस्ट में पहला स्थान हासिल किया। उन्हें उनके उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के उपलक्ष्य में यह सम्मान प्रदान किया गया। इस समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी उपस्थित थीं।



पीजीआई रेडियोलॉजिस्ट को नेशनल ओरेशन अवॉर्ड

पैग़ाम-ऐ-जगत
(प्रोफ़ेसर कुशलजीत सिंह सोढी)

पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के रेडियोडायग्नोसिस विभाग में प्रोफ़ेसर, को प्रतिष्ठित सोसाइटी ऑफ़ इमरजेंसी रेडियोलॉजी ओरेशन 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 4-6 सितंबर, 2026 को ऋषिकेश में आयोजित सोसाइटी ऑफ़ इमरजेंसी रेडियोलॉजी के 13वें सालाना सम्मेलन में दिया गया।



उन्होंने 'बच्चों में छाती से जुड़ी इमरजेंसी: इमेजिंग की चुनौतियां और बदलते तौर-तरीके' विषय पर भाषण दिया, जिसमें उन्होंने इमेजिंग में हुई तरक्की और इमरजेंसी केयर पर उनके असर के बारे में बताया। यह सम्मान पीडियाट्रिक रेडियोलॉजी और इमरजेंसी इमेजिंग के क्षेत्र में उनके खास योगदान को मान्यता देता है।

पीजीआईएमईआर को अंतरराष्ट्रीय मान्यता: प्रो. बबिता घई एशिया/ओशिनिया और ऑस्ट्रेलिया के लिए आईएएसपी काउंसलर चुनी गईं

चंडीगढ़, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, प्रो. बबिता घई, प्रोफेसर, एनेस्थीसिया एवं इंटेंसिव केयर और कंसल्टेंट इंचार्ज, पेन क्लिनिक, पीजीआईएमईआर, को एक कठोर और प्रतिस्पर्धी चुनाव के बाद छह साल के कार्यकाल के लिए एशिया/ओशिनिया और ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ पेन के काउंसलर के रूप में चुना गया है।

आईएएसपी दर्द के क्षेत्र में एक अग्रणी अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसके दुनिया भर में लगभग 10,000 सदस्य हैं। प्रो. घई आईएएसपी काउंसिल के लिए चुनी जाने वाली दूसरी भारतीय महिला और सबसे कम उम्र की भारतीय हैं।

2004 से आईएएसपी से जुड़ी प्रो. घई ने कई नेतृत्व पदों पर कार्य किया है, जिसमें इसके ग्लोबल एडवोकेसी वर्किंग ग्रुप, इंटरडिसिप्लिनरी पेन ट्रीटमेंट पर प्रेसिडेंशियल टास्क फोर्स, डेवलपिंग कंट्रीज/LMIC वर्किंग ग्रुप, पेन एजुकेशन एस.आई.जी., एक्यूट पेन एस.आई.जी. और पेन रिसर्च फोरम में भूमिकाएं शामिल हैं।

27 वर्षों के पोस्ट-एमडी अनुभव के साथ, वह पीजीआईएमईआर में पेन मेडिसिन फेलोशिप की कोर्स कोऑर्डिनेटर हैं। उन्होंने 2012 में बार्ट्स एंड द लंदन एनएचएस ट्रस्ट, क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, यूके में पेन मैनेजमेंट में कॉमनवेल्थ एकेडमिक स्टाफ फेलोशिप पूरी की। उनके लगभग 150 पीयर-रिव्यूड प्रकाशन हैं, उन्होंने कई वित्त पोषित अनुसंधान परियोजनाओं का नेतृत्व किया है और 250 से अधिक आमंत्रित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान दिए हैं। उन्होंने वर्ल्ड कांग्रेस ऑन पेन सहित लगभग 20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में आमंत्रित फैकल्टी के रूप में भी काम किया है।



उनके काम का एक उल्लेखनीय पहलू वंचित समुदायों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की उनकी प्रतिबद्धता रही है। उन्होंने ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में कई मुफ्त स्वास्थ्य और दर्द-निवारण शिविरों का आयोजन किया है, जिनमें परामर्श, स्क्रीनिंग, दर्द प्रबंधन और दवाएं, साथ ही समुदाय-आधारित योग कार्यक्रम और विशेष देखभाल के लिए रेफरल प्रदान किए गए हैं।

प्रो. घई ने क्रोनिक लो बैक पेन के लिए साक्ष्य-आधारित योग प्रोटोकॉल विकसित किया है और हिंदी, पंजाबी और अंग्रेजी में एक सचित्र बैक केयर बुकलेट प्रकाशित की है, जिसे मुफ्त में वितरित किया गया है। हिंदी के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा में उनके योगदान को भारत सरकार के गृह मंत्रालय से राष्ट्रीय हिंदी पुरस्कार के साथ मान्यता दी गई थी। उन्होंने सामुदायिक संगठनों, एफएम रेडियो और अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं और उन्हें 'एक्सेसिबिलिटी' पर टेडएक्स स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया था।

वह वर्तमान में ग्रामीण समुदायों तक पहुंचने और क्रोनिक लो बैक पेन वाले रोगियों को योग सिखाने पर केंद्रित एक डीएसटी किरण परियोजना का नेतृत्व कर रही हैं। उनके आईसीएमआर-वित्त पोषित सामुदायिक अनुसंधान के परिणामस्वरूप दो बड़े अध्ययन हुए हैं जो क्रोनिक लो बैक पेन के प्रसार, विकलांगता और मनोसामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभाव की जांच करते हैं।

प्रो. घई के योगदान को 16 राष्ट्रीय पुरस्कारों के माध्यम से मान्यता दी गई है, जिसमें इंडियन सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ पेन का प्रेसिडेंट्स एप्रिसिएशन अवार्ड शामिल है, इसके अलावा चार अंतरराष्ट्रीय पेशेवर पुरस्कार भी मिले हैं।

ह्वस्क काउंसिल के लिए उनका चुनाव दर्द चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान और वकालत में उनके योगदान को मान्यता देता है, जबकि दर्द देखभाल और अकादमिक चिकित्सा में पीजीआईएमईआर के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व को उजागर करता है। उनका काम तृतीयक स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता और व्यापक समुदाय के लिए दयालु, सुलभ देखभाल के बीच की कड़ी को मजबूत करना जारी रखता है।

'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' के ब्लॉक स्तरीय मुकाबलों के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाए खेल हुनर: नवदीप सिंह



- संगरूर, धूरी और शेरपुर ब्लॉकों में एथलेटिक्स, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी और वॉलीबॉल के मुकाबले जारी
- खेल मैदानों में नौजवानों का जोश; अलग-अलग उम्र वर्ग के खिलाड़ी कर रहे हैं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

संगरूर, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

जिला खेल अफसर नवदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 'खेडां वतन पंजाब दियां (सीजन-4)-2026' के तहत जिला संगरूर में चल रही ब्लॉक स्तरीय खेलों के दूसरे दिन ब्लॉक संगरूर, धूरी और शेरपुर में अलग-अलग उम्र वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान एथलेटिक्स, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी (नेशनल स्टाइल), कबड्डी (सर्कल स्टाइल), वॉलीबॉल (शूटिंग) और वॉलीबॉल (स्मैशिंग) के मुकाबले करवाए गए।

जिला खेल अफसर ने बताया कि ब्लॉक धूरी में अंडर-17 लड़कियों के शॉट पुट मुकाबले में रहमत बाठ ने 9.72 मीटर के साथ पहला, मनवीर कौर ने 6.52 मीटर के साथ दूसरा और करमनदीप कौर ने 5.35 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

उन्होंने बताया कि खो-खो के अंडर-17 लड़कियों के मुकाबले में श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल की टीम ने डी.ए.वी. स्कूल धूरी को हरा कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि अंडर-14 लड़कियों में श्री गुरु तेग बहादुर स्टेडियम की टीम ने सरकारी हाई स्कूल राजोमाजरा को हरा कर पहला स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि कबड्डी (सर्कल स्टाइल) के अंडर-14 लड़कियों के मुकाबले में किंग्स व्यू स्कूल धूरी ने पहला और पी.एम. श्री स्कूल बड़ड़वाल ने दूसरा स्थान हासिल किया। फुटबॉल के अंडर-14 लड़कों में स्कूल ऑफ एमिनेंस भसौड़ पहले, वसंत वैली पब्लिक स्कूल धूरी दूसरे और बनभौरी क्लब तीसरे स्थान पर रहा। नवदीप सिंह ने बताया कि ब्लॉक संगरूर के अंडर-17 लड़कियों के 3000 मीटर एथलेटिक्स मुकाबले में गुरप्रीत कौर ने पहला, मोनिका ने दूसरा और दिलप्रीत कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह अंडर-14 लड़कियों की 60 मीटर दौड़ में नूरप्रीत कौर पहले, महक दूसरे और हरजसप्रीत कौर तीसरे स्थान पर रही।

जिला खेल अफसर ने कहा कि 'खेडां वतन पंजाब दियां' खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए विशाल मंच प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदानों में खिलाड़ियों का उत्साह इस बात की गवाही भर रहा है कि नौजवान खेलों को अपनी रोजमर्रा जिंदगी का हिस्सा बना रहे हैं।

लायंस क्लब ने शिक्षक दिवस के अवसर पर एक शिक्षक प्रशंसा समारोह का आयोजन किया

पैग़ाम-ऐ-जगत
मोहाली (हरमिंदर नागपाल)

समाज के प्रति शिक्षकों के अमूल्य योगदान को पहचानने और सम्मान देने के लिए, लायंस क्लब मोहाली एसएएस नगर और लायंस क्लब मोहाली दिशा ने सेंट सोल्जर इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल, फेज 7, मोहाली में एक विशेष शिक्षक प्रशंसा समारोह का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम छात्रों के भविष्य को आकार देने और राष्ट्र के लिए एक मजबूत नींव बनाने के लिए शिक्षकों की अटूट प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करने के लिए समर्पित था। समारोह के दौरान, मोहाली शहर के उत्कृष्ट शिक्षकों को लायंस क्लब के सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता के लिए प्रशंसा पत्र और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सरदारनी अमनदीप कौर बल ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सम्मानित शिक्षकों में शामिल हैं

1. **श्रीमती। राजविंदर कौर (सेंट सोल्जर स्कूल)**
2. **श्रीमती चरणप्रीत कौर (सेंट सोल्जर स्कूल)**
3. **श्रीमती अमरिंदर सैनी (सेंट सोल्जर स्कूल)**
4. **श्रीमती सुदर्श कौर (संत ईशर सिंह स्कूल),**
5. **श्रीमती वरिंदर कौर (स्कूल ऑफ एमिनेंस, फेज 3बी1), 6. श्रीमती सतविंदर कौर (एस.एम.एस., फेज 2),**
7. **श्रीमती रेणु तिवारी (सी.एच.टी., फेज 2),**
8. **श्रीमती अमनदीप कौर बल (एस.पी.एस., फेज 9),**
9. **श्रीमती कंवलजीत कौर (प्रिंसिपल, डायमंड पब्लिक स्कूल, खरड़),**
10. **श्रीमती नवप्रीत कौर (प्रिंसिपल, जी.एम.एस., फेज 10),**
11. **श्री मनजोत सिंह कलेर (जी.पी.एस., गांव-मोहाली),**
12. **श्री. जसविंदर सिंह (जीपीएस, फेज 10),**

13. श्रीमती राज कौशल (प्रिंसिपल, सेंट लुइस स्कूल, सोहाना) मौजूद थीं। इस मौके पर लायंस क्लब के लीडरशिप ने टीचर्स की पवित्र भूमिका पर रोशनी डाली और इस बात पर ज़ोर दिया कि टीचर्स न सिर्फ़ ज्ञान देते हैं बल्कि बच्चों में वैल्यूज़ और कैरेक्टर भी पैदा करते हैं। स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर श्री करण सिंह बराड़, प्रिंसिपल श्रीमती अंजलि शर्मा और स्टाफ़ ने इस इवेंट को ऑर्गनाइज़ करने और टीचिंग कम्युनिटी की कोशिशों को मानने के लिए लायंस क्लब का दिल से शुक्रिया अदा किया।



लायंस डिस्ट्रिक्ट 321-F और लायंस क्लब मोहाली S.A.S. नगर के खास मेंबर लायन अमरीक सिंह मोहाली (चार्टर प्रेसिडेंट), लायन अमनदीप सिंह गुलाटी (रीजन चेयरमैन), लायन अमित मरवाहा (प्रेसिडेंट), लायन जतिंदर पाल सिंह (सेक्रेटरी), लायन हरिंदर पाल सिंह हैरी, लायन के.के. इस मौके पर अग्रवाल, लायन जसविंदर सिंह, लायन अमित नरूला, लायन आई. एस. सोबती, लायन राजिंदर चौहान और लायन तेजिंदर कौर (ज़ोन चेयरपर्सन), लायन जसविंदर कौर (प्रेसिडेंट), लायन हरप्रीत कौर (सेक्रेटरी), लायन कंवलप्रीत कौर (वाइस प्रेसिडेंट), लायन जोगिंदर कौर (ट्रेज़रर) और स्टूडेंट्स मौजूद थे। प्रोग्राम वोट ऑफ़ थैंक्स और सम्मानित टीचर्स के औपचारिक सम्मान के साथ खत्म हुआ।

जिला प्रशासन द्वारा 9 सितंबर को सीजीसी लांडरां में मेगा मतदाता पंजीकरण कैंप

एस.ए.एस. नगर, 8 सितंबर,
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

चल रही मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर)-2026 के तहत कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब के निर्देशों पर जिला निर्वाचन कार्यालय, एस.ए.एस. नगर द्वारा 9 सितंबर, 2026 को चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजिज (सी जी सी), सेक्टर 112, लांडरां-बनूड़ रोड में मेगा मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण कैंप आयोजित किया जाएगा।

कैंप का उद्घाटन मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब, श्रीमती अनिंदिता मित्रा, आई.ए.एस. द्वारा प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा।

उपायुक्त-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कोमल मित्तल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस मेगा अभियान का मुख्य उद्देश्य पहली बार मतदाता बनने वाले पात्र युवाओं, विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के उन युवाओं, जो 1 अक्टूबर, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर मतदाता बनने के पात्र हो रहे हैं, का अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करना है। पात्र विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कैंप स्थल पर विशेष पंजीकरण काउंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां वे मौके पर ही मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज करवा सकेंगे।

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंजाब अनिंदिता मित्रा करेंगी कैंप का उद्घाटन; 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान

उपायुक्त-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी कोमल मित्तल ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल नागरिक कर्तव्य ही नहीं, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त एक मौलिक अधिकार भी है, जिसके माध्यम से युवा देश के शासन और भविष्य को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मतदाता पंजीकरण के साथ-साथ कैंप के दौरान सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इनके माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, जिम्मेदार नागरिक भागीदारी और चुनाव प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

इसके अलावा, विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों को आधुनिक डिजिटल मतदाता सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा श्वष्टद्बह्वश्च ऐप डाउनलोड करने और इसके माध्यम से उपलब्ध मतदाता सेवाओं का लाभ उठाने संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने सभी पात्र युवाओं, विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रबंधकों से इस मेगा कैंप में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है। साथ ही, प्रतिभागियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से जुड़ने और लोकतांत्रिक भागीदारी का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

पेज एक का शेष

पीएम मोदी ने...

जब दिल्ली पहुंचा तो वहां पहुंचते ही हमने इस परियोजना के काम में तेजी लानी शुरू कर दी। आज समर्पित माल ढुलाई गलियारे का काम पूरा हो गया है।'' मोदी ने कहा कि आज माल ढुलाई गलियारे देश के व्यापार और कारोबार की रीढ़ बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2,800 किलोमीटर लंबा समर्पित माल ढुलाई गलियारा इस बात का प्रमाण है कि पिछले 12 वर्ष में देश की कार्यसंस्कृति किस तरह बदली है। मोदी ने कहा, ''इस समर्पित माल ढुलाई गलियारे का विचार 2004 में सामने आया था। इस काम के लिए 2006 में एक विशेष कंपनी बनाई गई लेकिन 2014 तक फाइलें एक जगह से दूसरी जगह घूमती रहीं। दुर्भाग्य से इन फाइलों की किस्मत में भी कोई समर्पित गलियारा नहीं था। फाइलें कहीं अटक जाती थीं, कहीं पड़ी रहती थीं और इधर-उधर भटकती रहती थीं।''

मुंबई: पीएम की...

60 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला किया। कल, पंजाब सरकार ने कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष सुशील कुमार फौजी का तबादला कर दिया और उसके तुरंत बाद कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कर्मचारियों को चेतावनी दी कि अगर हड़ताल से आम लोगों को परेशानी होती है, तो सरकार कानून के मुताबिक कार्रवाई करेगी। आज देर शाम, पंजाब सरकार ने 'काम नहीं, तो वेतन नहीं' का रुख अपना लिया है।

मलेशिया में 'फ्लाइंग...

घटना की वजह का पता नहीं चल पाया है। फायर और मेडिकल अधिकारियों द्वारा खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।' मलेशिया के सिविल एविएशन अथॉरिटी ने बताया कि उन्हें स्थानीय समयानुसार देर दोपहर सारावाक के लॉन्ग लेलांग शॉर्ट टेक-ऑफ और लैंडिंग एयरपोर्ट के पास हुई इस घटना की सूचना मिली और ट्रांसपोर्ट मंत्रालय का एयर एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो इसकी जांच कर रहा है।

सऊदी अरब पर...

और सऊदी अरब समर्थित सरकारी बलों के बीच कई हफ्तों से जारी बढ़ती लड़ाई के बीच हुए हैं। इस लड़ाई ने यमन के गृहयुद्ध में चार साल से जारी संघर्षविराम को खत्म कर दिया है।

एफिल टावर में...

विरोध के चलते सोमवार को एफिल टावर तय समय पर पर्यटकों के लिए नहीं खुल सका।कर्मचारी यूनियनों के भारी विरोध के बाद एफिल टावर का संचालन करने वाली कंपनी 'सेटे' बैकफुट पर आ गई है। कंपनी प्रबंधन ने स्वीकार किया कि प्रतिनिधिमंडल की तरफ से महिला कर्मचारियों से संपर्क कम रखने का अनुरोध किया गया था, जिसे स्वीकार करना प्रबंधन की गंभीर चूक थी और ऐसी शर्तें कतई नहीं मानी जानी चाहिए थीं। प्रबंधन ने नाराज कर्मचारियों से औपचारिक माफी भी मांगी है। दूसरी ओर, कर्मचारियों ने इसे महिलाओं के आत्मसम्मान और समानता के अधिकार पर हमला बताते हुए विस्तृत जांच की मांग की है। मामले के तूल पकड़ते ही पेरिस के मेयर इमैनुएल ग्रेगोयर ने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच के आदेश जारी कर दिए।

लुधियाना में 3...

आरोप लगाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल हरप्रीत कौर की मौत के मामले में पुलिस जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर ही यह स्पष्ट होगा कि उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। मृतका के परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

उड़ान देने के लिए है; लहरागागा में बाल भिक्षा के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान एक बच्चा रेस्क्यू

लहरागागा/संगरूर, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सामाजिक सुरक्षा, स्त्री एवं बाल विकास विभाग पंजाब द्वारा जारी हिदायतों की पालना हेतु और जिला प्रोग्राम अफसर संगरूर प्रदीप सिंह गिल की अगुवाई में एंटी बैगिंग टास्क टीम द्वारा लहरागागा में बाल भिक्षा की रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई की गई। विभिन्न विभागों की साझा टीम द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थानों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों की जांच के दौरान एक बच्चे को रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चे को नियमों अनुसार अगली जरूरी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द किया गया।

- बाल भिक्षा की रोकथाम के लिए विभागों की साझा मुहिम रहेगी लगातार जारी: जिला प्रोग्राम अफसर प्रदीप सिंह गिल



जिला प्रोग्राम अफसर प्रदीप सिंह गिल ने कहा कि बच्चों को भिक्षा से दूर रख कर सुरक्षित माहौल से जोड़ना समाज की साझी जिम्मेदारी है। बाल भिक्षा की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों के आपसी तालमेल से ऐसी कार्रवाइयां लगातार जारी रखी जाएंगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि यदि कोई बच्चा भिक्षा मांगता, मुश्किल हालात में या किसी तरह की सुरक्षा और सहायता की जरूरत में नजर आता है तो इसे अनदेखा न किया जाए और तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दी जाए। उन्होंने कहा कि समय पर दी गई जानकारी किसी जरूरतमंद बच्चे तक सुरक्षा और सहायता पहुंचाने में सहायक हो सकती है।

उन्होंने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन के जरिए प्राप्त सूचना पर संबंधित विभागों के साथ तालमेल करके बच्चे को जरूरी सुरक्षा और सहायता मुहैया करवाने के लिए कार्रवाई की जाती है। इस कार्रवाई के दौरान शिक्षा विभाग से सतीश कुमार, पुलिस विभाग से हरविंदर सिंह और संतोष, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. नीरज, जिला बाल सुरक्षा दफ्तर संगरूर से रुपिंदर सिंह और चाइल्ड हेल्पलाइन से वीरपाल कौर हाजिर थे।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

'मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब से सड़ी-गली सरकार को उखाड़ कर कमल के फूल के साथ भाजपा सरकार स्थापित करने जा रहे हैं,' अनिल विज

पैग़ाम-ऐ-जगत
अंबाला, 8 सितंबर (आर. सिंह)

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के पंजाब दौरे के बारे में दिए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब और हरियाणा दोनों में हैं और वे दोनों जगहों पर उपयुक्त प्रबंध कर रहे हैं। वे हरियाणा को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं और पंजाब से सड़ी-गली सरकार को उखाड़ फेंकने और कमल के फूल के साथ भाजपा सरकार स्थापित करने जा रहे हैं।



विज आज अंबाला कैंट में मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान सांसद दीपेंद्र हुड्डा के हरियाणा में खेलों को प्रोत्साहित न करने के आरोपों का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा, 'आरोप लगाने वाले लोग आरोप लगाते रहते हैं, पर सच्चाई खुद उनका जवाब देती है।' मंत्री अनिल विज ने सवाल किया कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान क्या किया जबकि भाजपा सरकार के दौरान उन्होंने अंबाला में एक फीफा-अनुमोदित फुटबॉल स्टेडियम बनाया, एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का हर मौसम में चलने वाला स्विमिंग पूल बनाया और एक जिम्नास्टिक हॉल व एक बैडमिंटन हॉल बनाया। मंत्री विज ने तंज कसते हुए कहा कि दीपेंद्र हुड्डा को एक अच्छे डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए और अपना चश्मा बदलवाना चाहिए।

'द आर्ट ऑफ लिविंग' के सहयोग से पिल्ब्स मोहाली 12 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा

चंडीगढ़/मोहाली, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने नागरिकों से भाग लेने और जीवन बचाने में मदद करने का आग्रह किया**

पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज, मोहाली - एक प्रमुख तृतीयक देखभाल सुपर-स्पेशलिटी संस्थान - 'द आर्ट ऑफ लिविंग' के सहयोग से 12 सितंबर, 2026 (शनिवार) को अपना पहला स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कर रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

पिल्ब्स के निदेशक, डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वॉक-इन रक्तदान अभियान संस्थान के अत्याधुनिक ब्लड सेंटर में आयोजित किया जाएगा, जो मोहाली के सेक्टर 60 में पिल्ब्स के परिसर में न्यू डायग्नोस्टिक ब्लॉक की पहली मंजिल पर स्थित है।

इस पहल के महत्वपूर्ण महत्व पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. वीरेंद्र सिंह ने जोर दिया कि एक बार रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि नियमित प्रक्रियाओं, चल रहे चिकित्सा उपचारों, जटिल हेपेटोबिलियरी सर्जरी और संस्थान के सफलतापूर्वक स्थापित लिवर ट्रांसप्लांट कार्यक्रम के लिए दैनिक आधार पर जीवन रक्षक रक्त और उसके घटकों की आवश्यकता होती है। डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग को लाइसेंस मिलने के बाद से पूरी तरह से कार्यात्मक है, जिसमें रक्त संग्रह और घटक पृथक्करण के लिए उन्नत बुनियादी ढांचा और आधुनिक उपकरण मौजूद हैं। पात्र नागरिकों से बड़ी संख्या में आने का आह्वान करते हुए, निदेशक ने समुदाय से इस नेक कार्य के लिए आगे आने और स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से सार्थक प्रभाव डालने का आग्रह किया।

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस 2026 पीजीआईएमईआर में मनाया गया

चंडीगढ़, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

फिजिकल एंड रिहैबिलिटेशन मेडिसिन विभाग, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ ने पीजीआई फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से विश्व फिजियोथेरेपी दिवस 2026 के उपलक्ष्य में शैक्षणिक और व्यावसायिक गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया। समारोह का केंद्रीय विषय था, स्ट्रोक: सर्वाइवल से रिकवरी तक - देखभाल की निरंतरता में फिजियोथेरेपी की भूमिका।

कार्यक्रम की शुरुआत 4 और 5 सितंबर 2026 को ऑडिटोरियम, एडवांस्ड आई सेंटर, पीजीआईएमईआरमें शैक्षणिक सत्रों के साथ हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. विजय गगोनी, प्रमुख, फिजिकल एंड रिहैबिलिटेशन मेडिसिन विभाग और प्रो. धीरज खुरानाद्वारा किया गया। सत्रों में स्ट्रोक प्रबंधन और पुनर्वास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया और इनका संचालन विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिनमें प्रो. धीरज खुराना, डॉ. सुशांत साहू, डॉ. रघुनाथ साहू (पीटी), डॉ. जया तलवार (पीटी), डॉ. भूषण चंद्र पॉल (पीटी), डॉ. शिवप्रिया (पीटी), डॉ. नीतिका कटियार (पीटी) और डॉ. सलमान अहमद (पीटी) शामिल थे।

सीखें ज़ लागू करें ज़ सशक्त बनें विषय के साथ एक हैंड्स-ऑन काइनेसियोटेपिंग कार्यशाला 6 सितंबर को डॉ. उपेंद्र गोस्वामी (पीटी), अधीक्षक फिजियोथेरेपिस्ट, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित की गई, जिसने प्रतिभागियों को व्यावहारिक सीखने का अवसर प्रदान किया।



समारोह का समापन 8 सितंबर 2026 विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर, एक शैक्षणिक इंटरैक्शन सत्र के साथ हुआ जिसमें छात्र क्विज और पोस्टर प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। इन गतिविधियों ने छात्रों को अपने ज्ञान और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक आकर्षक मंच प्रदान किया और छात्रों और फिजियोथेरेपी पेशेवरों के बीच शैक्षणिक बातचीत को प्रोत्साहित किया। इसके बाद पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह हुआ, जो ज्ञान, सीखने और सेवा की भावना का प्रतीक है। डॉ. प्रदीप सरकार, चीफ फिजियोथेरेपिस्ट, पीजीआईएमईआर ने सभा को संबोधित किया और विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के महत्व और रोगी देखभाल, पुनर्वास और जीवन की गुणवत्ता में सुधार में फिजियोथेरेपिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अभिजीत पॉल (पीटी) और डॉ. लोकेश भारद्वाज (पीटी) द्वारा किया गया, जिसमें विभाग के संकाय, फिजियोथेरेपिस्ट और छात्रों का समर्थन और भागीदारी रही। समारोह ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, व्यावसायिक विकास और रोगी-केंद्रित पुनर्वास के प्रति विभाग की निरंतर प्रतिबद्धता को उजागर किया।

पुलिस को देखकर भागा बाइक सवार बदमाश, फायरिंग के बाद मुठभेड़ में दबोचा

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
08 सितम्बर (प्रवीण वालिया)

जिले के असंध थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। गांव जबाला के पास नहर की पटरी पर हुई इस मुठभेड़ में बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग किए जाने के बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को उपचार के लिए करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी असंध गोरखपाल राणा भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल टीम को बुलाकर जांच करवाई और मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

डीएसपी गोरखपाल राणा ने बताया कि सोमवार रात असंध पुलिस क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस की गाड़ी नहर के पास मौजूद थी। तभी एक बाइक सवार युवक वहां पहुंचा। पुलिस की गाड़ी को देखकर वह संदिग्ध तरीके से वापस मुड़कर भागने लगा।

पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो युवक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुलिस टीम पर तीन राउंड फायर किए। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक गोली आरोपी के पैर में लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया।

पुलिस के मुताबिक घायल आरोपी की पहचान हिसार निवासी संदीप के रूप में हुई है। उसके खिलाफ पहले से स्नैचिंग समेत करीब 9 आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि आरोपी असंध क्षेत्र में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से आया था।

डीएसपी गोरखपाल राणा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को कई बार चेतावनी देते हुए हथियार डालने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। आरोपी बाइक पर अकेला था। गोली लगने के बाद उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के स्वस्थ होने के बाद उसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान उससे उसके आपराधिक नेटवर्क, साथियों और अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

कैंसर कॉन्क्लेव में हुआ प्रमाण-आधारित उपचार पर मंथन

चंडीगढ़, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पीजीआईएमईआर, टाटा मेमोरियल अस्पताल, एम्स बिलासपुर, के ऑन्कोलॉजिस्टों ने पार्क अस्पताल द्वारा आयोजित कैंसर कॉन्क्लेव में कैंसर उपचार के बदलते परिदृश्य, प्रमाण-आधारित तथा मरीज-केंद्रित देखभाल प्रदान करने पर मंथन लिया।

ऑन्कोलॉजी डायरेक्टर, डॉ. संदीप कुक्कर के नेतृत्व में आयोजित इस कॉन्क्लेव ने ऑन्कोलॉजिस्ट को ज्ञान का आदान-प्रदान करने, नए साक्ष्यों पर चर्चा करने और जटिल कैंसर प्रबंधन पर मंथन करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

इसमें कैंसर देखभाल के सबसे उभरते क्षेत्रों पर विशेषज्ञों की प्रस्तुतियाँ और संवादात्मक पैनल चर्चाएँ शामिल थीं। इसने विभिन्न संस्थानों के कैंसर विशेषज्ञों को एक साथ आने, नैदानिक अनुभवों को साझा करने और इस बात पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया कि कैसे इन प्रगतिशील तकनीकों को बेहतर उपचार परिणामों और रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के रूप में लागू किया जा सकता है।



कॉन्क्लेव का एक प्रमुख बिंदु कैंसर थेरेपी में आ रहे बदलाव, विशेष रूप से इम्यूनोथेरेपी, मॉलिक्यूलर प्रोफाइलिंग, बायोमार्कर्स, लक्षित थेरेपी और नई सिस्टमिक उपचार पद्धतियों की बढ़ती भूमिका थे।

ऑन्कोलॉजिस्ट ने विभिन्न कैंसर प्रकारों में जीनोमिक परिवर्तनों की पहचान करने और अधिक सटीक तथा व्यक्तिगत कैंसर प्रबंधन को सक्षम बनाने में नेक्स्ट जनरेशन सिक्वेंसिंग, लिक्विड बायोप्सी और आणविक परीक्षण की उभरती भूमिका पर भी चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. कुक्कर ने भारत में बढ़ रहे कैंसर के बोझ और प्रारंभिक पहचान, समय पर उपचार तथा निवारक उपायों के महत्व पर प्रकाश डाला।

रोल ऑब्जर्वर डी.एस. मांगट ने एस.आई.आर. प्रक्रिया की समीक्षा की

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर मतदाता सूचियों की चल रही विशेष गहन संशोधन (एस.आई.आर.) प्रक्रिया की जिले में समीक्षा के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से नियुक्त रोल ऑब्जर्वर पंजाब के वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी और सचिव लोकपाल डी.एस. मांगट ने आज यहां डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी आशिका जैन की मौजूदगी में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और एस.आई.आर. के लिए तैनात कर्मचारियों से बातचीत करके समूची प्रक्रिया का जायजा लिया।

- **मतदाताओं और बूथ लेवल एजेंटों के सहयोग से सुचारू रूप से पूरी होगी मतदाता सूचियों की विशेष गहन संशोधन**
- **किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से वंचित न रहे : मांगट**



स्थानीय जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स में रोल ऑब्जर्वर डी.एस. मांगट ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर, नगर निगम के कमिश्नर, एस.डी.एम.-कम-मतदाता पंजीकरण अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों से बातचीत के दौरान ताकीद की कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से न रह जाए। उन्होंने कहा कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में यदि किसी योग्य मतदाता का नाम किसी कारण नहीं आया तो वह संबंधित अधिकारियों के पास 12 सितंबर तक आवश्यक दस्तावेज जमा करवाकर अपना वोट सुनिश्चित कर सकते हैं, क्योंकि चुनाव आयोग द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत दावों और आपत्तियों के लिए 12 सितंबर तक का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और उनके द्वारा नियुक्त किए गए बूथ लेवल एजेंटों से भी पुरजोर अपील की कि वे चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दें, ताकि किसी भी योग्य व्यक्ति का किसी भी कारण से वोट न कटे। उन्होंने कहा कि एस.आई.आर. प्रक्रिया के लिए तैनात समूचे कर्मचारियों विशेषकर बी.एल.ओ. को पूर्ण सहयोग दिया जाए, ताकि वे सुचारू रूप से समूची प्रक्रिया को निर्धारित समय के अंदर पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि दावों और आपत्तियों का निपटारा 8 अक्टूबर 2026 तक किया जाना है, जिसके उपरांत 12 अक्टूबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

रोल ऑब्जर्वर डी.एस. मांगट ने बताया कि मतदाता आवश्यक फॉर्म भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल 1श्हह्लह्वह्म.द्गष्ठ्ठ.द्दश1.द्बठ्ठ के जरिए या चुनाव आयोग के मोबाइल ऐप श्वष्टद्बठ्ठह्वश्चञ्च के जरिए जमा करवा सकते हैं। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन और बी.एल.ओ. की सराहना करते हुए कहा कि जिले में एस.आई.आर. की समूची प्रक्रिया बेहद अच्छी तरह चल रही है और उनके द्वारा भी संबंधित कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा किए गए सवालों का जवाब रोल ऑब्जर्वर डी.एस. मांगट ने विस्तार से देते हुए कहा कि यदि किसी भी नागरिक को एस.आई.आर. या वोट संबंधी कोई समस्या पेश आती है तो वह जिला चुनाव कार्यालय से तुरंत संपर्क करके अपनी समस्या का हल करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को किसी दस्तावेज की कमी के कारण नोटिस प्राप्त हुआ है तो वे निर्धारित समय के अंदर-अंदर मांगे गए दस्तावेज जमा करवाने को प्राथमिकता दें।

डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि यदि कोई मतदाता खुद सुनवाई के लिए हाजिर होने में सक्षम नहीं है तो वह ऑफिशियल लेटर के जरिए अपने प्रतिनिधि को नियुक्त कर सकता है। अधिकृत व्यक्ति नोटिस में दर्ज समय और स्थान पर मतदाता की ओर से आवश्यक दस्तावेज पेश कर सकता है। ऑफिशियल लेटर संबंधित बी.एल.ओ. या चुनाव पंजीकरण अधिकारी के दफ्तर से भी प्राप्त किया जा सकता है। रोल ऑब्जर्वर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जिनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से रजनीश टंडन, भाजपा से भूषण शर्मा, सी.पी.आई. (एम) गुरमेल सिंह, शिरोमणि अकाली दल (बी) प्रेम सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉ. शिवानी अरोड़ा, भाजपा से डी.एस. बागी, आम आदमी पार्टी से हरदीप सिंह धामी और डॉ. पंकज शिव शामिल थे, से जिले में चल रही एस.आई.आर. प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बातचीत की।

इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर निधि कुमुद बंबाह, नगर निगम कमिश्नर ज्योति बाला मट्टू, समस्त एस.डी.एम., चुनाव तहसीलदार रमनदीप कौर और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

विधायक जिंपा ने आम आदमी क्लीनिकों में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

आम आदमी क्लीनिक नगर निगम का किया दौरा

होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

विधायक ब्रम शंकर जिंपा ने आज शिमला पहाड़ी चौक के नजदीक स्थित आम आदमी क्लीनिक नगर निगम का दौरा कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने क्लीनिक में आने वाले मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं संबंधी जानकारी भी प्राप्त की और स्टाफ से स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली।



विधायक जिंपा ने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से अगस्त 2022 में शुरू किए गए आम आदमी क्लीनिक लोगों को उनके घरों के नजदीक गुणवत्तापूर्ण और नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि होशियारपुर जिले में वर्तमान में 77 आम आदमी क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं, जबकि होशियारपुर शहर में 9 क्लीनिक हैं, जिनमें जिला जेल में स्थापित क्लीनिक भी शामिल है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक आम आदमी क्लीनिक में एमबीबीएस डॉक्टर के रूप में मेडिकल ऑफिसर, बीएससी नर्सिंग स्तर का क्लीनिकल असिस्टेंट, फार्मेसी ऑफिसर और हेल्पर तैनात हैं। क्लीनिकों में करीब 50 प्रकार के रक्त जांच टेस्ट नि:शुल्क किए जा रहे हैं। मरीजों के सैंपल क्लीनिक में ही एकत्रित करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाते हैं। इसके अलावा करीब 107 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिनमें ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, संक्रमण तथा अन्य सामान्य बीमारियों की दवाइयां शामिल हैं। कुत्ते के काटने की स्थिति में दी जाने वाली एंटी-रेबीज वैक्सीन की सुविधा भी उपलब्ध है।

विधायक ने बताया कि आम आदमी क्लीनिकों में डायबिटीज, लीवर व किडनी संबंधी बीमारियों, थायरॉयड सहित विभिन्न जांचों के साथ-साथ हाइपरटेंशन और डायबिटीज की स्क्रीनिंग तथा बच्चों में पोषण स्तर की जांच भी की जाती है। अब तक इन क्लीनिकों में 15,20,600 यूनिक मरीज और कुल 40,62,906 ओपीडी विजिट दर्ज की जा चुकी हैं। औसतन प्रतिदिन करीब 73 मरीज स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं, जिनमें 56.3 प्रतिशत महिलाएं और 43.7 प्रतिशत पुरुष शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए भ्रूण के स्वास्थ्य की जांच हेतु अल्ट्रासाउंड तथा लेवल-2 स्कैन की सुविधा भी सूचीबद्ध अल्ट्रासाउंड केंद्रों के माध्यम से पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। ऑनलाइन रिपोर्ट के आधार पर इन केंद्रों को भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में किया जाता है।

विधायक जिंपा ने कहा कि पंजाब सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को आम नागरिक के लिए सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और नि:शुल्क बनाना है तथा आम आदमी क्लीनिक इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहे हैं। इस अवसर पर मेयर परवीन सैनी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सीमा गर्ग, डॉ. रोहित बरुटा, वरिंदर वैद, सुरेश सोनी, विशाल शर्मा, बृज मट्ठ, राकेश कुमार बिल्ला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पंचायतें लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला, विकास में निभाएं सक्रिय भूमिका : जतिन लाल

नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के लिए क्षमता निर्माण एवं बुनियादी प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

ऊना, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

ऊना जिले में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायती राज व्यवस्था, विकास योजनाओं और कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी देने के उद्देश्य से क्षमता निर्माण एवं बुनियादी प्रशिक्षण कार्यशाला के पहले चरण की शुरुआत हुई। मंगलवार को जिला परिषद हॉल ऊना में आयोजित कार्यशाला में उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। अतिरिक्त उपायुक्त ऊना इशांत जसवाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

कार्यशाला में विकास खंड अंब की 19 ग्राम पंचायतों के 143 नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें 19 प्रधान, 19 उपप्रधान तथा 105 वार्ड सदस्य शामिल रहे। बता दें, जिले के सभी विकास खंडों की ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा।

पांच वर्ष की कार्ययोजना बनाकर विकास को दें गति - उपायुक्त



उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला हैं और ग्रामीण विकास के साथ-साथ देश एवं प्रदेश के निर्माण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए स्पष्ट विकास कार्ययोजना तैयार करें तथा प्राथमिकताओं के आधार पर योजनाओं एवं विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पंचायतों में स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, स्थानीय स्तर पर राजस्व उत्पन्न करने की संभावनाओं की पहचान कर उन्हें विकसित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि पंचायतें आर्थिक रूप से सशक्त बनें और विकास कार्यों को गति मिल सके।

ग्राम सभाओं में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर

उपायुक्त ने कहा कि ग्राम सभाएं पंचायती राज व्यवस्था का महत्वपूर्ण मंच हैं। इसलिए ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक पंचायतवासियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से पंचायत की युवा पीढ़ी को ग्राम सभाओं एवं विकास प्रक्रिया से जोड़ने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि युवाओं के विचारों, ऊर्जा और विजन को पंचायत विकास की दिशा से जोड़ा जाए, ताकि गांवों के विकास के लिए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार की जा सकें।

ब्लड डोनेशन कैंप में 78 यूनिट खून एकत्रित हुआ

पैग़ाम-ऐ-जगत
अंबाला, 8 सितंबर (आर. सिंह)

- **मंत्री अनिल विज ने हर रक्तदाता को 1100-1100 रुपये देने का किया ऐलान**

अमर शहीद लाला जगत नारायण की 45वीं बरसी के मौके पर अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में पंजाब केसरी ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें सिविल अस्पताल अंबाला कैंट के ब्लड बैंक की टीम ने डॉ. जुगिंदर सिंह की अगुवाई में 78 यूनिट खून एकत्रित किया।



इस कैंप में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने सभी रक्तदाताओं को स्वस्थ आहार के लिए 1,100-1100 रुपये स्वैच्छिक फंड से देने का ऐलान करते हुए कहा, 'रक्तदान सबसे बड़ा दान है और कोई भी इसका मुकाबला नहीं कर सकता'। इस मौके पर उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर और सर्टिफिकेट व मेडल देकर प्रोत्साहित किया।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने पंजाब केसरी ग्रुप द्वारा कई अन्य संस्थाओं के सहयोग से लगाए एक रक्तदान शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानी लाला जगत नारायण एक दृढ़ इरादे वाले व्यक्ति थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया, लगभग नौ साल जेल में बिताए और रिहाई के बाद विधायक और सांसद के रूप में सेवा निभाई। उन्होंने दुनिया की सच्चाई को जनता के सामने लाने के लिए पंजाब केसरी ग्रुप की स्थापना की। पंजाब ने आतंकवाद का सामना किया पर कोई भी गोली उनकी कलम को रोक नहीं सकी। उन्होंने सच लिखा और लोगों तक पहुंचाने के लिए काम किया। लाला जगत नारायण की शहादत की याद में आज यहाँ आयोजित रक्तदान शिविर सराहनीय है। अनिल विज ने कहा कि वैज्ञानिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण तरक्की हुई है। अंग ट्रांसप्लांट भी आम हो रहे हैं पर खून का कोई विकल्प नहीं है। खून की सप्लाई सिर्फ मानव शरीर के जरिए संभव है और रक्तदान जानें बचाता है। उन्होंने बताया कि खून प्रयोगशाला में जाता है जहाँ एक बोतल तीन लोगों की सेवा करती है। इस मौके पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त, प्रबंधक कमेटी के मुखी डॉ. गुरदेव सिंह और पंजाब केसरी के ब्यूरो चीफ बलराम सैनी ने मुख्य अतिथि को शॉल भेंट करके सम्मानित किया।

`पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनील सैन का मोर्चा जिलाध्यक्ष गोल्डी सैनी ने हांसी पहुंचने पर किया भव्य स्वागत

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सुनील सैन के हांसी स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचने पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर गोल्डी सैनी सहित मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा पार्टी के कार्यक्रमों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया।

स्वागत कार्यक्रम के बाद इंजीनियर सुनील सैन ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली। बैठक में उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, आपसी समन्वय और निरंतर जनसंपर्क से होती है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही, संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों को पहुंचाने पर जोर दिया।

बैठक के दौरान ओबीसी मोर्चा की भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से समाज के लोगों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को संगठन के समक्ष रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए।

जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी ने प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सुनील सैन का हांसी पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोर्चा के कार्यकर्ता मिलकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रियता से कार्य करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी भी मौजूद रहे। उन्होंने भी कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति समर्पण भाव के साथ कार्य करने और पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

सिविल सर्जन डॉ. मनदीप कमल द्वारा सरकारी टी.बी. क्लिनिक होशियारपुर का औचक दौरा

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों की नियमित निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी के तहत सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल जी द्वारा आज सरकारी टी.बी. क्लिनिक होशियारपुर का औचक दौरा किया गया। इस दौरान उनके साथ डी.पी.एम. एन.एच.एम. मोहम्मद आसिफ एवं पी.ए. सतपाल भी मौजूद थे। दौरे के दौरान सिविल सर्जन डॉ. मनदीप कमल जी द्वारा जिला टी.बी. अधिकारी डॉ. शक्ति शर्मा के सहयोग से क्लिनिक के विभिन्न सेक्शनों का जायजा लेते हुए मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, टी.बी. मरीजों की जांच, उपचार, दवाइयों की उपलब्धता तथा रिकॉर्ड के रख-रखाव संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन द्वारा क्लिनिक में उपचार करवाने के लिए आए मरीजों से सीधे बातचीत की गई तथा उनसे क्लिनिक में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं, स्टाफ के व्यवहार एवं उपचार संबंधी फीडबैक लिया गया। मरीजों द्वारा क्लिनिक में मिल रही सेवाओं एवं स्टाफ के सहयोग संबंधी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी गई। सिविल सर्जन ने क्लिनिक में तैनात समस्त स्टाफ की उपस्थिति भी जांची, जो मौके पर उपस्थित पाया गया। उन्होंने स्टाफ द्वारा किए जा रहे कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए मरीजों को और बेहतर एवं सुचारू स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मनदीप कमल ने टी.बी. क्लिनिक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा कि टी.बी. मरीजों की समय पर पहचान, जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए।

सीनियर जर्नलिस्ट्स फोरम 13 सितंबर को मनाएगा अपनी पहली वर्षगांठ

चंडीगढ़, 8 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

सीनियर जर्नलिस्ट्स फोरम (एसजेएफ), चण्डीगढ़ अपना पहला वर्षगांठ समारोह रविवार, 13 सितंबर 2026 को सेक्टर 37 के लॉ ऑडिटोरियम में मनाएगा।

पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे और औपचारिक उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे पंजीकरण एवं स्वागत के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 10:30 बजे उद्घाटन होगा।

दोपहर 12:30 बजे दूसरे सत्र में राज्यसभा सांसद एवं चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर स. सतनाम सिंह संधू मुख्य अतिथि होंगे। यह सत्र 'लोकतंत्र और जिम्मेदार पत्रकारिता में वरिष्ठ पत्रकारों की भूमिका' विषय पर होगा, जिसकी अध्यक्षता हिंदुस्तान टाइम्स, चंडीगढ़ के कार्यकारी संपादक रमेश विनायक करेंगे।

समारोह में दोपहर 1:30 बजे मालवा आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी मोहाली द्वारा मलवई गिद्धा का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। इसके बाद 2:00 बजे केक कटिंग और सदस्यों के जन्मदिन का उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 2:15 बजे दोपहर के भोजन के साथ होगा।

ये जानकारी फोरम के अध्यक्ष जगतार सिंह सिद्धू, चेयरमैन ए.एस. पराशर और महासचिव केवल भारती ने दी। यह आयोजन वरिष्ठ पत्रकारों को लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर विचार करने और फोरम के पहले वर्ष का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करेगा।

डीसी राहुल नरवाल ने पराली जलाने पर पूर्ण अंकुश के लिए ग्राम स्तर से जिलास्तर तक किया कमेटियों का गठित

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

- **पराली प्रोटेक्शन फोर्स करेगी निगरानी, देर शाम विशेष गश्त से पराली जलाने वालों पर रहेगी पैनी नजर**

खरीफ सीजन-2026 के दौरान धान की पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक निगरानी एवं रोकथाम व्यवस्था की है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने ग्राम स्तर से लेकर जिलास्तर तक विभिन्न कमेटियों का गठन करते हुए अधिकारियों को फसल अवशेष प्रबंधन की नियमित निगरानी और पराली जलाने की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए प्रशासन का उद्देश्य केवल नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं, बल्कि किसानों को जागरूक कर फसल अवशेषों के वैज्ञानिक एवं उचित प्रबंधन को बढ़ावा देना भी है।

पराली प्रोटेक्शन फोर्स करेगी निगरानी

पराली जलाने की रोकथाम के लिए गठित 'पराली प्रोटेक्शन फोर्स' जिला, उप-मंडल, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर निगरानी करेगी। इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्व, कृषि, पंचायत तथा पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल किए गए हैं। सभी विभाग आपसी समन्वय से अपने-अपने क्षेत्रों में फसल अवशेष प्रबंधन की निगरानी करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा विशेष रूप से देर शाम के समय गश्त बढ़ाई जाएगी, क्योंकि इस दौरान पराली जलाने की संभावित घटनाओं पर विशेष नजर रखी जाएगी। गठित टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित गश्त करेंगी। इसके अलावा सैटेलाइट से प्राप्त सूचनाओं और जमीनी स्तर पर की जा रही निगरानी के आधार पर भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों को सौंपी गई है। जिला स्तर पर गठित कमेटी में जिला राजस्व अधिकारी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, कृषि विभाग के उपनिदेशक, सहायक कृषि अभियंता तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शामिल हैं।

उप-मंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम, डीएसपी एवं कृषि विभाग के अधिकारी निगरानी की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि ब्लॉक स्तर पर नायब तहसीलदार एवं बीडीपीओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है।ग्राम स्तर पर कृषि विकास अधिकारी, राजस्व पटवारी, पंचायत सचिव, सरपंच एवं नंबरदार अपने-अपने गांवों में पराली जलाने की घटनाओं पर नजर रखेंगे और किसी भी घटना की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देंगे। इसके अतिरिक्त विशेष गश्ती टीमों में संबंधित तहसीलदार, थाना प्रभारी तथा दमकल केंद्र के प्रभारी को भी शामिल किया गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर मौके पर तुरंत पहुंचकर कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त राहुल नरवाल ने किसानों से अपील की कि वे धान की पराली को आग न लगाएं और फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को उपलब्ध फसल अवशेष प्रबंधन तकनीकों एवं उचित प्रबंधन के लाभों के बारे में लगातार जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन-2026 के दौरान पराली जलाने की संभावित घटनाओं पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। ग्राम स्तर से जिलास्तर तक गठित सभी कमेटियां पूरी मुस्तैदी से कार्य करेंगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नागर स्पोर्ट्स अकैडमी रतिया के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

पैगाम -ऐ -जगत/रतिया
8 सितंबर(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

एथलेटिक्स एसोसिएशन फतेहाबाद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नागर स्पोर्ट्स अकैडमी रतिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में अनेक पदक एवं स्थान हासिल किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से अकैडमी, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है।



वॉक रेस (पैदल चाल) की अंडर-20 प्रतियोगिता में तमन्ना ने द्वितीय तथा शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-18 में भारती चौहान ने तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि अंडर-18 लड़कों की श्रेणी में अरमान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

हैमर थ्रो की अंडर-20 लड़कों की स्पर्धा में साहिल कंबोज ने प्रथम, शगुन ने द्वितीय तथा विशालदीप नागर ने तृतीय स्थान हासिल किया। लड़कियों की स्पर्धा में भारती चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो अंडर-18 लड़कों में विजय तुरकिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि लड़कियों में भारती चौहान ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर-16 शॉट पुट में नेहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-20 लड़कियों की शॉट पुट स्पर्धा में रुपिंदर कौर प्रथम स्थान पर रहीं। जैवलिन थ्रो अंडर-18 लड़कों में विकास ने प्रथम, विजय तुरकिया ने द्वितीय तथा टोनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। लड़कियों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंडर-14 किड्स जैवलिन थ्रो में लड़कियों की श्रेणी में पल्लवी ग्रोवर ने द्वितीय तथा आयशा ने तृतीय स्थान हासिल किया। लड़कों में अरमान इंदौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 ट्रायथलॉन बी ग्रुप में भी अरमान इंदौर ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में प्रेसिडेंट विनोद कक्कड़, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी सत्यवान, सेक्रेटरी बलवान परता, ढिंगसरा के सरपंच सतवीर सिंह, विक्रम फौजी ढिंगसरा, पवन ढिंगसरा, संदीप जांगड़ा, डीपी नागपुर, सुभाष जी, डीपी लक्ष्मीकांत, अनिल, विकास ढाका, बंदर कुंडू, संदीप कुंडू, राजवीर बुद्ध, संजीव, विनोद, मुकेश भरपूर तथा खान साब भरपूर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग रहा। नागर स्पोर्ट्स अकैडमी रतिया के कोच रघुवीर नागर एवं कोच सपना रानी ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से खिलाड़ी भविष्य में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं।

खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर अकैडमी के प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डॉ. रजत गर्ग बने लुवास के नए अनुसंधान निदेशक

पैग़ाम-ऐ-जगत
हिसार(दिनकर गावड़ी)

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार में अनुसंधान गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ. रजत गर्ग को विश्वविद्यालय का अनुसंधान निदेशक नियुक्त किया गया है।



विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की 36वीं बैठक, जो 3 अगस्त 2026 को आयोजित हुई थी, में लिए गए निर्णय के अनुपालन में कुलपति, लुवास, हिसार द्वारा उनकी नियुक्ति की गई है। डॉ. रजत गर्ग वर्तमान में इंडियन वेटरिनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, इज्जतनगर, बरेली के डिवीजन ऑफ वेटरिनरी पैरासिटोलॉजी में प्रिंसिपल साइंटिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें पशु चिकित्सा विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में व्यापक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक अनुभव प्राप्त है।

उनका शोध कार्य मुख्यत: पशु चिकित्सा परजीवी विज्ञान, परजीवी एवं जूनोटिक रोगों, रोग निदान, आणविक तकनीकों, संक्रमण, प्रतिरक्षा विज्ञान तथा संक्रामक रोगों की महामारी विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषयों पर केंद्रित रहा है। उन्होंने विभिन्न परजीवी एवं रक्त-परजीवी संक्रमणों की पहचान, उनके आणविक स्वरूप के अध्ययन तथा नियंत्रण से संबंधित महत्वपूर्ण अनुसंधान कार्य किए हैं। पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण के क्षेत्र में उनके शोध कार्यों का विशेष महत्व रहा है।

उन्होंने पशु चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक योगदान दिया है। उनके नाम से 100 से अधिक शोध प्रकाशन दर्ज हैं तथा उनके शोध कार्यों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से उद्धृत किया गया है। उनके शोध पत्र प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिकाओं एवं शोध मंचों पर प्रकाशित हुए हैं। इसके साथ ही, शोधार्थियों के मार्गदर्शन तथा वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उनके वैज्ञानिक योगदान एवं उपलब्धियों को विभिन्न प्रतिष्ठित वैज्ञानिक मंचों पर सम्मान एवं सराहना प्राप्त हुई है। उनके दीर्घ अनुभव, वैज्ञानिक दक्षता एवं विशेषज्ञता को देखते हुए, लुवास में निदेशक अनुसंधान के रूप में उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय की शोध गतिविधियों को नई दिशा एवं गति मिलने की उम्मीद है। उनके अनुभव का लाभ विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों को मिलेगा तथा गुणवत्तापूर्ण, नवाचार आधारित एवं समाजोपयोगी अनुसंधान को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा।

कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि डॉ. रजत गर्ग के व्यापक शोध अनुभव एवं वैज्ञानिक विशेषज्ञता से लुवास की अनुसंधान गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि गुणवत्तापूर्ण, नवाचार आधारित एवं समाजोपयोगी अनुसंधान को बढ़ावा देते हुए लुवास को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त शोध संस्थान के रूप में और अधिक स्थापित किया जाए।

निदेशक अनुसंधान के रूप में उनके अनुभव का लाभ विश्वविद्यालय में चल रही शोध परियोजनाओं के प्रभावी संचालन, नई शोध परियोजनाओं के विकास, वैज्ञानिक सहयोग, नवाचार तथा शोधार्थियों के मार्गदर्शन में मिलेगा। साथ ही, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने और विश्वविद्यालय के शोध कार्यों को व्यापक स्तर पर स्थापित करने में भी उनकी विशेषज्ञता उपयोगी सिद्ध होगी।

लुवास प्रशासन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व एवं अनुभव से विश्वविद्यालय की अनुसंधान गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा पशु स्वास्थ्य,परजीवी एवं संक्रामक रोगों सहित पशु चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा।

यूनिवर्सल पीस फेडरेशन द्वारा डॉ. एस.पी. सिंह ओबराय 'अंबेसडर फॉर पीस' अवॉर्ड से सम्मानित

पैग़ाम-ऐ-जगत
मैरीलैंड (बलविंदर बालम)

जाने-माने समाजसेवी और मानवता के मसीहा के रूप में जाने जाते डॉ. एस. पी. सिंह ओबराय को यूनिवर्सल पीस फेडरेशन (यूपीएफ) द्वारा प्रतिष्ठित 'अंबेसडर फॉर पीस' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस विशेष समारोह में मैरीलैंड और वाशिंगटन डी.सी. क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की।



यह अवॉर्ड यूनिवर्सल पीस फेडरेशन यूएसए की वाइस प्रेसिडेंट टोमिको दूगान द्वारा डॉ. ओबराय को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्यों और समाज भलाई के क्षेत्र में डाले गए बेमिसाल योगदान के लिए भेंट किया गया।

इस मौके पर संबोधन करते हुए टोमिको दुगान ने डॉ. ओबराय को 'भाईचारे का अनमोल हीरा' करार दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. ओबराय की निस्वार्थ सेवाओं ने अनगिनत लोगों की जिंदगी में आशा की किरण जगाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि यूनिवर्सल पीस फेडरेशन के साथ उनकी साझेदारी शांति, एकता, आपसी सम्मान और मानवीय भलाई के विश्वव्यापी मिशन को और मजबूत करेगी।

डॉ. ओबराय जरूरतमंद विद्यार्थियों की पढ़ाई, गरीब परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं, मुसीबत में फंसे लोगों की सहायता और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों के लिए दुनिया भर में सम्मानित हैं। उनकी मानवतावादी सेवाओं ने उन्हें उम्मीद, हमदर्दी और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक बनाया है।

समारोह के दौरान डॉ. ओबराय का फूलों के गुलदस्तों के साथ गर्मजोशी से स्वागत करीना हू, टोमिको दूगान, रणजीत चहल और के के सिद्धू ने किया। इस मौके पर डॉ. सुरिंदर सिंह गिल, चेयरमैन इंटरनेशनल फोरम यूएसए; दविंदर सिंह गिल, डायरेक्टर सिख्स ऑफ यूएसए; के. के. सिद्धू, संस्थापक पंजाबी क्लब मैरीलैंड; रणजीत चाहल, सचिव पंजाबी क्लब मैरीलैंड; गुरचरन सिंह गुरु, प्रधान वर्ल्ड यूनाइटेड गुरु नानक फाउंडेशन; करीना हू, पैट्रन-इन-चीफ इंटरनेशनल फोरम यूएसए; टोमिको डग्गन, वाइस प्रेसिडेंट यूपीएफ यूएसए; नौनिहाल सिंह, निरपजीत सिंह, रणजीत राणा, रॉयल ताज के मालिक जसविंदर सिंह और वाशिंगटन डी.सी. की जानी-मानी मीडिया शख्सियत ललित झा समेत कई गणमान्य हाजिर थे।

अवॉर्ड समारोह के बाद डॉ. सुरिंदर सिंह गिल द्वारा डॉ. एस. पी. सिंह ओबराय के सम्मान में रॉयल ताज रेस्टोरेंट, मैरीलैंड में शानदार रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान समुदाय के नेताओं को डॉ. ओबराय के साथ विचार-विमर्श करने और उनके महान मानवतावादी मिशन की सराहना करने का मौका मिला। हाजिर शख्सियतों ने डॉ. ओबराय को बधाई देते हुए कहा कि 'अंबेसडर फॉर पीस' का सम्मान उनकी मानवता, विश्व शांति, सद्भावना और समाज भलाई को समर्पित सेवाओं की योग्य पहचान है। डॉ. ओबराय ने इस प्रतिष्ठित सम्मान और गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए यूनिवर्सल पीस फेडरेशन और समस्त सामुदायिक नेताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने मानवता की सेवा और विश्व शांति के अपने मिशन को और समर्पण के साथ जारी रखने का संकल्प दोहराया।

नेत्रदान पखवाड़े को लेकर एसडीएम कार्यालय गढ़शंकर में लगाया गया जागरूकता बोर्ड

गढ़शंकर, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **आज रोटरी आई बैंक और कॉर्नियल ट्रांसप्लांट सोसाइटी द्वारा नेत्रदान पखवाड़े के संबंध में प्रचार-प्रसार के लिए एस. डी. एम. कार्यालय गढ़शंकर में जागरूकता बोर्ड लगाया गया**



इस मौके पर डॉ. तरसेम सिंह (चेयरमैन बॉडी डोनेशन कमेटी), डॉ. लखविंदर कुमार (प्रधान गढ़शंकर यूनिट), भूपिंदर सिंह (जनरल सेक्रेटरी), राजन मल्हान (कैशियर), रमनदीप सिंह (प्रेस सचिव), कृषम पाल रिटायर्ड सुपरिंटेंडेंट (मोटिवेटर), हैप्पी सरपंच साधोवाल (राजू ब्रदर्स वेलफेयर सोसाइटी) और श्री संजीव कुमार एस. डी. एम. गढ़शंकर के साथ नेत्रदान संबंधी मीटिंग की गई। डॉ. तरसेम सिंह ने बताया कि संस्था अब तक 4173 लोगों के सफल ऑपरेशन करके आंखों को रोशनी प्रदान कर चुकी है। डॉ. लखविंदर कुमार ने शरीर दान करने संबंधी जानकारी दी।

एस.डी.एम. साहब ने कहा कि प्रशासन द्वारा उन्हें पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

उन्होंने इस मुहिम को सहयोग करने के लिए इलाके में कार्यशील विभिन्न तरह की टीमों और वॉलंटियर्स द्वारा लोगों तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया।

रोटरी आई बैंक और कॉर्नियल ट्रांसप्लांट सोसाइटी द्वारा गुरसेवा मेडिकल कॉलेज में फंक्शन का आयोजन किया गया

चंडीगढ़, 8 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

रोटरी आई बैंक और कॉर्नियल ट्रांसप्लांट सोसाइटी द्वारा श्री जे. बी. बहल जी की अध्यक्षता में एक प्रभावशाली फंक्शन का आयोजन गुरसेवा मेडिकल कॉलेज में किया गया। जिसमें डॉ. तरसेम सिंह चेयरमैन बॉडी डोनेशन कमेटी ने बताया कि यह संस्था 1995 से काम कर रही है और अब तक 4173 लोगों की आंख की पुतली का सफल ऑपरेशन करवाया जा चुका है।



डॉ. लखविंदर कुमार प्रधान गढ़शंकर यूनिट ने बताया कि अब तक हम 34 बॉडी मेडिकल कॉलेज को रिसर्च के लिए भेज चुके हैं। श्री जे. बी. बहल प्रधान जी ने लोगों से आंखें दान करने की अपील की और कहा कि किसी भी नजदीकी गांव या शहर में कोई भी व्यक्ति आंख की खराब पुतली से पीड़ित है तो वह हमारी संस्था से संपर्क कर सकता है। यह सेवा संस्था द्वारा फ्री की जाती है। प्रोफेसर दलजीत सिंह ने कॉर्निया और ट्रांसप्लांटेशन के बारे में जानकारी बड़े विस्तार से दी और आंखों की देखभाल के बारे में भी काफी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कॉलेज की डायरेक्टर मैडम दविंदर कौर राय जी ने सारे स्टाफ और विद्यार्थियों को इस मुहिम में बढ़-चढ़ कर सहयोग देने के लिए कहा। इस मौके पर नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल मैडम जसवीर कौर ने नेत्रदान करने का फॉर्म भरा। इस शुभ अवसर पर संस्था की ओर से श्री जे. बी. बहल (प्रधान), प्रोफेसर दलजीत सिंह, जसवीर कनवर, कृष्ण किशोर, डॉ. लखविंदर सिंह प्रधान गढ़शंकर यूनिट, डॉ. तरसेम सिंह (चेयरमैन बॉडी डोनेशन कमेटी) राजन मल्हान (कैशियर), भूपिंदर सिंह (जनरल सेक्रेटरी), ओकार सिंह चाहलपुरी (सेक्रेटरी), रमनदीप सिंह (दफ्तर सेक्रेटरी), राखेर कुमार चहुड़ा, और कॉलेज की ओर से समस्त स्टाफ और विद्यार्थी, मैडम दविंदर कौर, डायरेक्टर, डॉ. जंग बहादुर सिंह चेयरमैन गुरसेवा मेडिकल कॉलेज, कंवलदीप कौर वाइस प्रिंसिपल, मैडम राणो चतुर्वेदी, मैडम हरजीत कौर, मैडम रमनदीप कौर, मैडम रमनप्रीत कौर सेक्रेटरी डॉ. आर खान स्टाफ मेंबर मौजूद थे।

ओम फूड प्रोडक्ट्स ऊना में भरें जाएँगे 30 पद, साक्षात्कार 11 सितंबर को ज़िला रोजगार अधिकारी ऊना में

ऊना, 8 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मैसर्ज ओम फ़ूड प्रोडक्ट्स ऊना में प्रोडक्शन वर्कर, पैकेजिंग वर्कर, बेकरी शेफ और सिक्योरिटी गार्ड के कुल 30 पद केवल पुरुष वर्ग में भी जाएँगे। इस पदों के लिए साक्षात्कार 11 सितंबर को प्रात: 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय, ऊना में आयोजित होगा।

जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी का कार्य मेहतपुर औद्योगिक क्षेत्र प्लॉट नं. 55, 118 में रहेगा।

उन्होंने बताया कि प्रोडक्शन वर्कर और पैकेजिंग वर्कर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8 वीं, 10 वीं और 12 वीं, आयु 18 से 35 वर्ष तथा मासिक वेतन 15 हज़ार निर्धारित किया है। वहीं, बेकरी शेफ 8 वीं, 10 वीं और 12 वीं, एक वर्ष का अनुभव, आयु सीमा 20 से 35 वर्ष और 20 से 25 वर्ष निर्धारित की है। इसके अलावा सिक्योरिटी गार्ड पद के लिए 10 वीं, आयु सीमा 18 से 35 वर्ष और मासिक वेतन 15 हज़ार निर्धारित किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, जन्म तिथि प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, मूल प्रमाण-पत्र, बायोडाटा (रिज्यूम) तथा अनुभव प्रमाण-पत्र (यदि हो) की प्रतियों के साथ साक्षात्कार में उपस्थित भाग ले सकते हैं।



उन्होंने सभी योग्य आवेदकों से इस कैंपस इंटरव्यू में बढ़-चढ़कर भाग लेने और रोजगार के अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7876684905 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा साक्षात्कार में आने-जाने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।